<u>रिपोर्ट</u>

**'स्वच्छ हरियाणा मिशन समिति' 2025- 26**

**कुमारी विद्यावती आनंद डी.ए.वी. महिला महाविद्यालय करनाल** में महाविद्यालय की 'स्वच्छ हरियाणा मिशन समिति' के सौजन्य से सत्र 2025- 26 में प्राचार्या महोदया श्रीमती मीनू शर्मा के मार्गदर्शन में 'स्वच्छता अभियान' अंतर्गत निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया :-

**1.** 13 अगस्त 2025:- महाविद्यालय में स्वच्छ पर्यावरण हेतु पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 62 छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती मीनू शर्मा और सभी प्राध्यापिकाओं ने पौधारोपण किया।इसके साथ ही छात्राओं को भी पौधा वितरण किया गया।




**2.** 18 सितंबर 2025 को डॉ रंजना शर्मा (भूतपूर्व चिकित्सा अधीक्षक, पार्क अस्पताल करनाल) मुख्य वक्ता रही। जिसने 'महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता' विषय पर विस्तृत वक्तव्य दिया। उन्होंने छात्राओं  को जागरुक करते हुए कहा कि महावारी के दिनों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है ताकि इंफेक्शन से बचा जा सके महिलाओं को बचपन से ही स्वच्छता और पौष्टिक भोजन का विशेष ध्यान रखना चाहिए I छात्राओं ने भी स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासा को शांत किया। इस कार्यक्रम में 108 छात्राओं ने भाग लिया।






**3.** 24 सितंबर 2025 को सिंगल यूज़ प्लास्टिक को महाविद्यालय में पूरी तरह से निषेध किया गया ।अगर कोई सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए महाविद्यालय में फ्लेक्स बोर्ड लगाकर छात्राओं को जागरूक किया गया।



**4.** 29 सितंबर 2025 को छात्राओं में स्वच्छता जागरूकता हेतु महाविद्यालय में वीडियो निर्माण, नारा लेखन/ पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्वच्छता जागरूकता वीडियो निर्माण प्रतियोगिता में बी.एससी. प्रथम वर्ष की छात्रा साक्षी ने प्रथम स्थान, एम.एससी. प्रथम वर्ष बायोटेक की छात्रा ज्योति ने द्वितीय स्थान तथा एम.ए. इंग्लिश द्वितीय वर्ष की छात्रा अनु राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताओं में पायल चौधरी, डिंपल और तनुश्री ने प्रथम, अपर्णा, उमंगप्रीत (बी.ए द्वितीय वर्ष) अक्षिता( बी.एससी. तृतीय वर्ष) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और अर्शदीप कौर, महक धनखड़( बी.ए. प्रथम वर्ष) संजम (बी.एससी. द्वितीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




THINK CLEAN AND USE DUSTBIN
Cleanliness is next to Godliness
GPS Map Camera
Fish Aquarium
New Nagpal Sports
TAL PARK KARNAL
SD Girls Senior Secondary School
Karnal,Haryana,India
Timber Market, Sector 22, Karnal, Haryana 132001, India
Lat 29.689355, Long 76.984018
10/04/2025 11:37 GMT+05:30


GPS Map Camera
Karnal,Haryana,India
Timber Market, Sector 22, Karnal, Haryana 132001, India
Lat 29.688818, Long 76.983901
Friday, 07/11/2025 01:22 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera

**5.** सितंबर ,अक्टूबर 2025 में 'स्वच्छता अभियान पखवाड़ा' के अंतर्गत महाविद्यालय के प्रत्येक विभाग की साफ सफाई करवाई गई और छात्राओं को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। इसके साथ ही महाविद्यालय के प्रत्येक विभाग में जीरो वेस्ट कार्यालय बनाने के उद्देश्य से पांच रंगों के डस्टबिन लगवाए गए। हरा डस्टबिन= गीला कचरा, नीला डस्टबिन= सूखा कचरा, काला डस्टबिन= इलेक्ट्रॉनिक कचरा, लाल डस्टबिन= ब्लड कांच केमिकल आदि हानिकारक कचरा, पीला डस्टबिन= बायोमेडिकल कचरा (महिला शौचालय के लिए)। ये सभी डस्टबिन महाविद्यालय के सभी विभागों में लगवाए गए।







K.V.A., D.A.V.
SCIENCE BLOCK
1
गीला कचरा
K.V.A., D.A.V.
SCIENCE BLOCK
1
सूखा कचरा
K.V.A., D.A.V.
SCIENCE BLOCK
1
हानिकारक कचरा


K.V.A., D.A.V.
SCIENCE BLOCK
1
इलैक्ट्रिक कचरा
K.V.A., D.A.V.
SCIENCE BLOCK
1
बॉयोमैडीकल कचरा

**6.** 28 अक्तूबर, 2025 को 'स्वच्छता अभियान पखवाड़ा' कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की 'स्वच्छ हरियाणा मिशन समिति' के सौजन्य से छात्राओं द्वारा करनाल शहर में 'स्वच्छता जागरूकता रैली' निकाली गई और करनाल शहर के एन.डी.आर.आई. संस्थान के समीप चौक पर लगी महात्मा गांधी जी की प्रतिमा और उसके आसपास सफाई की गई। प्रतिमा से सूखी मालाएं हटाकर उसको साफ करके और धोकर अच्छी तरह स्वच्छ बनाया गया और माल्यार्पण कर महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि व्यक्त की गई। महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मीनू शर्मा ने बताया कि हमारे महाविद्यालय में छात्राओं को स्वच्छता के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और महाविद्यालय में साफ सफाई का पूरा ध्यान रखा जाता है। छात्राओं को प्रेरित किया जाता है कि वह अपने घर- परिवार, गांव- शहर में भी स्वच्छता बनाए रखें। इसके साथ ही संयोजिका डॉ. सुनीत भंडारी तथा नोडल ऑफिसर डॉ. सुनीता ने भी छात्राओं को प्रोत्साहित किया।








# स्वच्छता अभियान पखवाड़ा के अंतर्गत चलाया सफाई अभियान

करनाल, 28 अक्तूबर (बिशपाल राणा): कुमारी विद्यावती आनंद डी.ए.वी. महिला महाविद्यालय की ओर से स्वच्छता अभियान पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की स्वच्छ हरियाणा मिशन समिति के सौजन्य से छात्राओं द्वारा शहर में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। शहर के एन.डी.आर.आई. संस्थान के समीप चौंक पर महात्मा गांधी की प्रतिमा और उसके आसपास सफाई की गई। प्रतिमा से सूखी मालाएं हटाकर उसको साफ करके और धोकर अच्छी तरह स्वच्छ बनाया गया और माल्यार्पण कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी गई। महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय में छात्राओं को स्वच्छता के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और महाविद्यालय में साफ सफाई का पूरा ध्यान रखा जाता है। छात्राओं को प्रेरित किया जाता है कि वह अपने घर- परिवार, गांव- शहर में भी स्वच्छता बनाए रखें। इसके साथ ही संयोजिका डॉ. सुनीत भंडारी तथा नोडल ऑफिसर डॉ. सुनीता सलारिया ने भी छात्राओं को प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत कई गतिविधियां आयोजित की गई। सर्वप्रथम विस्तृत वक्तव्य का आयोजन किया गया। डॉ. रंजना शर्मा ने छात्राओं को शारीरिक स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय के सभी विभागों एवं हॉस्टल में सफाई अभियान चलाया गया। इसके साथ ही पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता और नारा लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी संकायों की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय में पांच प्रकार के रंगों के डस्टबिन सभी विभागों में लगवाए गए जिसमें गीला कचरा, सूखा कचरा, इलेक्ट्रॉनिक कचरा, कांच, ब्लेड तथा छात्राओं के टॉयलेट आदि में अलग-अलग रंगों के डस्टबिन रखे गए। इसके साथ ही सिंगल यूज़ प्लास्टिक को महाविद्यालय में पूरी तरह से निषेध किया गया। अगर कोई सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए महाविद्यालय में फ्लेक्स बोर्ड लगाकर छात्राओं को जागरूक किया गया।



स्वच्छता अभियान पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राएं।